हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 10 अगस्त 2026





## पानी में समाए शिव मंदिर का बना आकर्षण का केंद्र

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही बारिश के चलते बांधों और तालाबों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। ग्राम केसला स्थित बरबधवा तालाब भी इन दिनों पानी से लबालब हो गया है। तालाब में स्थित शिव मंदिर और वहां विराजमान शिवलिंग श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।सावन मास में भगवान शिव की आराधना को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। तालाब का बढ़ता जलस्तर ऐसा प्रतीत हो रहा है, मानो तालाब का जल स्वयं भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए आतुर हो। लगातार बारिश के चलते मंदिर के आसपास का क्षेत्र जलमग्न हो गया है, जिससे यहां का प्राकृतिक दृश्य और भी मनोहारी नजर आ रहा है। तालाब में स्थित शिव मंदिर बारिश के मौसम में श्रद्धालुओं के साथ आसपास के लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। लोग यहां पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन कर रहे हैं और सावन मास में जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। बारिश और तालाब के बढ़े जलस्तर के बीच शिव मंदिर का मनोरम दृश्य लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

# बरघाट में उफनते नाले में बहा युवक, पेड़ पकड़कर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| कसडोल

कसडोल थाना क्षेत्र के बरघाट में शनिवार को तेज बारिश के बीच नाला पार करते समय मध्यप्रदेश का एक युवक अनियंत्रित होकर पानी के तेज बहाव में बह गया। गनीमत रही कि बहते समय युवक एक पेड़ के सहारे रुक गया, जिससे उसकी जान बच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों, डायल 112 की टीम और कसडोल पुलिस ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के सतना निवासी धनंजय गर्ग वर्तमान में ग्रासिम सीमेंट रावन में पॉइंटमैन के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार को वे बरघाट स्थित नाला पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज बारिश के कारण नाले में पानी का बहाव काफी तेज था। नाला पार करते समय अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे पानी के तेज बहाव में बहने लगे। हालांकि कुछ दूरी पर वे एक पेड़ के सहारे रुक गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने डायल 112 की टीम एवं कसडोल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद धनंजय गर्ग को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### पुलिस और ग्रामीणों ने निकाला सुरक्षित



#### नदी-नालों के तेज बहाव से रहें सावधान

गौरतलब है कि कसडोल क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार तेज बारिश हो रही है। बारिश के कारण क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर हैं तथा कई स्थानों पर आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में पुलिस ने लोगों से अपील की है कि तेज बहाव वाले नदी-नालों को पार करने का जोखिम न उठाएं। जलस्तर कम होने तक सुरक्षित स्थान पर रहें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस अथवा आपातकालीन सेवा को सूचना दें।



## मूसलाधार बारिश से कई घरों में घुसा पानी

**भाटापारा।** बीते शनिवार की शाम 5 बजे के आसपास तेज बारिश शुरू हुई जिससे पूरा शहर और आसपास के क्षेत्र पानी से तर बतर हो गया। बारिश के सीजन की यह पहली बारिश थी जो इतनी तेज थी कि लोगों हैरान रह गए वहीं लोगों के घरों में भी पानी भर गया। वहीं शहर के कई ऐसे इलाके हे जहां तेज बारिश के चलते जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई। सड़कों में गलियों में बारिश का पानी भर गया नगर के लगभग सभी वार्डो में जल भराव की स्थिति देखी गई। वहीं लगभग एक घंटे से उपर एक ही रफ्तार में बारिश होने से कई लोगों के घरों में छत के उपर से पानी घर में प्रवेश कर गया ज्ञात हो कि बीते चार पांच साल बाद ऐसी बारिश शहर वासियों को देखने को मिला। वहीं शहर के सेंटमेरीस स्कूल के सामने स्थित वार्ड की गलियों व कालोनी वाले क्षेत्र में भारी मात्रा में पानी भर गया। वहीं स्कूल के सामने छोटी सी दुकान लगाने वाली मीना सोनी ने कहा कि तेज व अधिक पानी गिरने से खपरैल वाला मकान पानी भर जाने से टूट गया वहीं दो मकानों में बिजली का करेंट भी फैल गया था जिसे बिजली वही बिजली विभाग द्वारा डिस्कनेक्ट किया गया इसके अलावा नयागंज ,परशुरामवार्ड के निचले इलाके मे पानी का भराव हो गया था।इसकी सूचना मिलने के बाद आज सुबह विधायक इन्द्र साव,ब्लॉक कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 764.8मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 7 अगस्त 2026 तक 764.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 1045 मिमी, बलौदाबाजार में 872.9 मिमी, पलारी में 775.5 मिमी, सोनाखान 685.6 मिमी, लवन में 701.1 मिमी, सुहेला 717.1मिमी, कसडोल 693.6 मिमी, सिमगा में 693.5 मिमी एवं भाटापारा में 699.1 मिमी, वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 68836.4मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 764.8 मिमी है।

### नगर पालिका सिमगा में हिरेंद्र कोसले बने विधायक प्रतिनिधि

**सिमगा।** नगर पालिका परिषद सिमगा में भाटापारा विधायक इन्द्र साव ने हिरेन्द्र कोसले को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक द्वारा जारी नियुक्ति-पत्र के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में जनहित एवं सार्वजनिक कार्यों के बेहतर संचालन तथा आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह नियुक्ति की गई है। जारी आदेश में विधायक साव ने कहा कि हिरेन्द्र कोसले नगर पालिका परिषद सिमगा में उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे तथा जनता और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने में सहयोग करेंगे।



### घर के सामने से बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** घर के सामने से बाइक चोरी के मामले में सिटी कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को शीतल ध्रुव ने बताया कि 1 अगस्त को वह बाइक सीजी 04 डीएक्स 2770 को घर के सामने खड़ी किया था। करीब 12 बजे जब देखा तो बाइक उक्त जगह पर नहीं थी।

### चरवाहे को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** ग्राम जामगांव के एक चरवाहे के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी कमल यादव पिता सेतराम यादव (34 साल) वार्ड नंबर 16 ललपुरियापारा 06 अगस्त को करीबन 09-10 बजे गांव के स्कूल के पास खेड़खाडांड में गाय-बैल को चरा रहा था, उसी समय गांव का भोजराम पटेल अपनी कार से आया और गाय बैल को हटाने के लिए उसे गालियां और जान से मारने की धमकी देने लगा। शाम को इसी बात को लेकर गांव वाले ने मीटिंग की जिसमें भोजराम पटेल और अपने भाई राकेश पटेल के साथ आया। लेकिन यहां भी भोजराम एवं राकेश ने गांव के विष्णु साहू और श्रवण ध्रुव के साथ गाली गलौज करते हुए अपने ट्रैक्टर व कार से रौंदकर जान से मारने की धमकी देने लगे।

### हादसा : जांजगीर-चांपा का निवासी था मृतक, मुआवजे की मांग को लेकर 5 घंटे धरना

# हाइवा की टक्कर से मजदूर की मौत, परिजनों और मजदूरों ने प्लांट के गेट पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तिल्दा-नेवरा

तिल्दा-नेवरा क्षेत्र स्थित पावर प्लांट परिसर में दर्दनाक हादसे में एक मजदूर युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ड्यूटी पूरी कर लौट रहे मजदूर को प्लांट परिसर में एक हाईवा ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद प्लांट में काम करने वाले मजदूरों में आक्रोश फैल गया। देर रात मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे और मजदूरों के साथ प्लांट के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान केशव महिलांगे, निवासी जांजगीर-चांपा क्षेत्र के रूप में हुई है। वह ठेकेदार के अधीन प्लांट में काम करता था। बताया जा रहा है कि ड्यूटी पूरी करने के बाद वह लौट रहा था, तभी प्लांट परिसर में हाईवा की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों को जानकारी दी गई। वहीं घटना की खबर प्लांट में काम करने वाले अन्य मजदूरों तक पहुंचते ही उनमें आक्रोश फैल गया। देर रात परिजन भी प्लांट पहुंचे और बड़ी संख्या में मजदूरों के साथ मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए।रविवार सुबह मजदूरों और परिजनों ने मृतक परिवार को उचित मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारियों से चर्चा की मांग की। करीब चार से पांच घंटे तक धरना चलने से प्लांट के मुख्य गेट के बाहर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।



#### प्रबंधन और पुलिस की समझाइश पर शांत हुआ मामला

सूचना मिलने पर पुलिस बल और प्लांट प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों और मजदूर संघ के प्रतिनिधियों से वार्ता की। उचित मुआवजे व राहत के आश्वासन के बाद परिजन धरने से उठे, जिसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी। नेवरा पुलिस ने आरोपी हाईवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी बारीकी से जांच की जा रही है और जांच के बाद ही आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



## वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

सिमगा पुलिस को अंतरज़िला वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करने में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गिरोह के कब्जे से कुल 13 चोरी की गाड़ियां बरामद करते हुए 03 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सब्जी मार्केट से स्कूटी चोरी की रिपोर्ट पर प्रार्थीया टेमप्रिया सोनवानी द्वारा थाना सिमगा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 04 अगस्त को सब्जी मार्केट सिमगा से उनकी स्कूटी क्र. सीजी 22 वाई 1401 को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। जिस पर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम द्वारा कस्बे में लगे सीसीटीवी सर्विलांस कैमरों के फुटेज खंगाले गए जिसमें संदेही चोरी की स्कूटी को पैदल ले जाता हुआ दिखाई दिया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा सिमगा से भाटापारा, हथबंद, सुहेला सड़क मार्ग में लगे सैकड़ों की संख्या में सीसीटीवी फुटेज का गहन अवलोकन किया गया। जिसके आधार पर तथा मुखबिर एवं तकनीकी साक्ष्यों की मदद से संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया।आरोपियों द्वारा विधि विरोधी किशोर का इस्तेमाल कर बाजार क्षेत्रों से गाड़ियों की रेकी कर चोरी करवाई जाती थी। इसके बाद चोरी की मोटरसाइकिलों, पार्ट्स और वाहनों को आपस में खपाया जाता था। गिरोह ▶▶ शेष पेज 11 पर

## नशामुक्ति के साथ मोबाइल की लत से दूर रहने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंबुजा विद्यापीठ, रवान में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में नशामुक्ति एवं मोबाइल की लत से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे से दूर रखते हुए अनुशासित एवं मूल्य आधारित जीवन के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में 'नशामुक्त भारत अभियान' एवं 'मिशन स्पंदन' के तहत विद्यार्थियों और शिक्षकों को नशामुक्ति की सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाई गई। मुख्य वक्ता राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्परिणामों के साथ ही मोबाइल की बढ़ती लत पर चिंता जताई। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 11 पर



## पुल के ऊपर तीन फीट गड्ढा, दुर्घटना की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

बंगोली मे मुरा मार्ग मे भाटापारा शाखा नहर के ऊपर बने पुल के ऊपर से प्रतिदिन हजारों की संख्या मे छोटी-बड़ी वाहनों का दिनभर आवाजाही होता है। इस जानलेवा तीन फीट गड्ढा के ऊपर से प्रशासन के अधिकारी ,कर्मचारियों की जानकारी मे होने बावजूद मौत की गड्ढा बराबर नही किया गया है। पुल के ऊपर बने गहरे गड्ढे धनसुली व मुरा मे स्थित दर्जनों पत्थर खदान है, जहां क्रेशर से दिनभर पत्थर की ढुलाई करते दर्जनों हाईवा इस गड्ढे को किया है ।परंतु किसी पत्थर क्रेशर मालिक उक्त गहरे गड्ढे के ऊपर गिट्टी, ▶▶ शेष पेज 11 पर

## सीमेंट प्लांट रवान में चोरी का प्रयास विफल, वाहन छोड़कर भागे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अंबुजा सीमेंट प्लांट रवान में अवैध रूप से प्रवेश कर मैजिक वाहन में लोहे के एंगल व अन्य सामान चोरी करने की कोशिश करने वाले आरोपी/वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना का विवरण देते हुए प्रार्थी हिमांशु द्विवेदी (37 वर्ष, अंबुजा सीमेंट प्लांट रवान) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 अगस्त 2026 की रात करीब 10 बजे प्लांट के सिक्योरिटी इंचार्ज कुंदन सिंह से सूचना मिली कि एएफआर क्षेत्र के बैक साइड में कुछ लोग चोरी की नीयत से वाहन लेकर घुसे हैं। मौके पर जाने पर नीले रंग का मैजिक वाहन (क्र. सीजी 04 पीक्यू 0585) खड़ा मिला, जिसमें आरोपी प्लांट के लोहे के एंगल व प्लेट आदि भरकर चोरी की फिराक में थे। सिक्योरिटी गाड्र्स की ललकार सुनकर आरोपी पकड़े जाने के डर से गाड़ी को मौके पर ही छोड़कर बाउंड्री की तरफ भाग निकले। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 674/2026, धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने घटनास्थल से ▶▶ शेष पेज 11 पर

#### पुलिस ने दबोचा चोर को



### देवरी में सरपंच-सचिव के खिलाफ ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

# फर्जी एनओसी मामले में कार्रवाई नहीं, पंचायत भवन में तालाबंदी कर सैकड़ों ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तिल्दा-नेवरा

ग्राम पंचायत देवरी में कथित फर्जी एनओसी जारी किए जाने का मामला एक बार फिर गरमा गया है। सरपंच और सचिव के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से नाराज सैकड़ों ग्रामीणों ने रविवार को पंचायत भवन पहुंचकर तालाबंदी कर दी। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल रहे। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक सरपंच और सचिव के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, पंचायत भवन का ताला नहीं खोला जाएगा। ▶▶ शेष पेज 10 पर






#### 30 जुलाई को दिया था अल्टीमेटम

ग्रामीणों ने 30 जुलाई को एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर चेतावनी दी थी कि 5 अगस्त तक कार्रवाई नहीं हुई तो पंचायत भवन में तालाबंदी की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि तय समय सीमा बीतने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर रविवार को सैकड़ों लोग पंचायत भवन पहुंचे और सामूहिक रूप से तालाबंदी कर दी।प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। /"सरपंच हटाओ, गांव बचाओ जैसे नारों से पंचायत परिसर गूंज उठा।

#### पुलिस जांच का हवाला देकर मामले को टाल रही

ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच और सचिव को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण प्रशासन और पुलिस स्तर पर कार्रवाई नहीं हो रही है। उनका यह भी कहना है कि पुलिस लगातार जांच का हवाला देकर मामले को टाल रही है।वहीं ग्रामीणों द्वारा जांच प्रतिवेदन का हवाला देते हुए दावा किया जा रहा है कि पंचायत के रिकॉर्ड और रजिस्टर सरपंच-सचिव की अभिरक्षा में रहते हैं और उन्हीं की देखरेख में पंचायत के दस्तावेज संचालित होते हैं। इसके बावजूद एफआईआर में देरी को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

## केबीसी में 50 लाख जीतकर लौटे योगेश



**भाटापारा।** योगेश साहू का रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। साहू समाज तहसील अध्यक्ष कुलेश्वर साहू के नेतृत्व में साहू समाज के लोगों ने योगेश साहू टेहका वाले व उनके पिता गयाराम साहू जो केबीसी में भाग लेकर 50 लाख जीते और साहू समाज का मान पूरे प्रदेश व देश में बढ़ाया। इसमें प्रमुख रूप से साहू समाज से कौशल साहू, सोमेन्द्र साहू, मुकेश साहू, कौशलेंद्र साहू, रोहित साहू टेहका वाले, बलराम साहू, झरन साहू, जितेंद्र साहू बिजली ठेकेदार, हरीश साहू मिट्ठू साहू, हिमांचल साहू, नेमीचंद साहू , मनोज साहू , हिमांशु साहू, टेहका सरपंच प्रतिनिधि नारायण जोगी, पंच प्रतिनिधि जगदीश ध्रुव व बहुत सख्या में अन्य समाज और टेहका पंचायत लोगों ने अपना उपस्थित दर्ज कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का प्रसारण 17 अगस्त को होगा।

# बेल्दार सिवनी का अद्भुत अर्द्धनारीश्वर शिवलिंग, बदलता है साल में तीन रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

चमत्कार और रहस्य से भरे देश दुनिया में अनेक मंदिर है। सब की अपनी अलग गाथा और प्राचीन ऐतिहासिक मान्यता भी है। लेकिन खरोरा से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बेल्दारसिवनी नामक गांव का अनूठा स्वयंभू शिवलिंग आज भी दुनिया के लिए एक रहस्य बना हुआ है। यहां की कीर्ति न केवल अंचल भर में अपितु पूरे राज्य तक फैली है। जहां पूरे बारहों महीनें श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

महाशिवरात्रि और सावन महीनें में तो यहां मानों आस्था का जनसैलाब ही उमड़ पड़ता है। गांव में बस्ती के बीचों-बीच स्थित इस प्राचीन शिव मंदिर के गर्भगृह में अद्भुत स्वयंभू अर्धनारीश्वर शिवलिंग विराजमान है। हर साल इस शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक व रूद्राभिषेक करने दूर-दूर से शिवभक्त पहुंचते है। और पूजा अर्चना कर मनोवांछित फल की कामना करते है। चूंकि सावन का महीना भोलेनाथ की आराधना का सबसे पवित्र महीना माना जाता है। इसी कारण बोलबम और हर-हर महादेव का जयघोष करते कांवड़ियों का जत्था यहां हजारों किलोमीटर दूर से पैदल यात्रा कर आते है और दिव्य शिवलिंग पर जल चढ़ाते हैं। मंदिर के समीप ही यहां एक अनूठा कुंड भी बना है। जहां पुण्य स्नान कर शिवभक्त भोलेनाथ का अभिषेक कर मत्था टेकते है। पुजारी की मानें तो शिवलिंग मे चढ़ने वाला जल सीधे कुंड मे जाकर मिलता है। सावन महीनें और महाशिवरात्रि में यहां शिवलिंग का विशेष श्रृंगार व पूजा अर्चना भी किया जाता है।



## कुंड में सीधे जाता है अभिषेक का जल

### अग्रवाल परिवार को सपने मे आया था भोलेनाथ

इस प्राचीन शिवमंदिर के बारे में पुजारी नीलम शर्मा ने बताया कि आज से लगभग 200 वर्ष पहले जरूरत में अग्रेजों का शासन था तब बेल्दारसिवनी का मालगुजार गुलजारी लाल अग्रवाल जो भगवान शिव का परम भक्त था तब उसे एक दिन स्वपन में आया कि भगवान शंकर दरबाजे के सामने एक गड्ढे घूरुवा में अवस्थित। इस गड्ढे से निकाल कर स्थापित करे जिससे गांव का कल्याण होगा। इस बात को मालगुजार ने अपने एवं आसपास के गांव के नागरिकों को बताया। सभी लोगों ने निर्णय लिया कि घुरुवा को खोदकर अर्धनारीश्वर को निकल कर किसी दूसरे जगह प्राण-प्रतिष्ठा किया जाए। सभी ने मिलकर उस गड्ढे को साफ किया, जिससे 10- 12 फिट के गहराई में अर्धनारीश्वर शिवलिंग प्रकट हुआ। अंतिम छोर तक खोदाई करने पर भी छोर नहीं मिलने के कारण खोदाई करने वाले लोग हार मान गए और उसी स्थान पर एक छोटा सा मंदिर निर्माण किया गया। आज एक भव्य मंदिर में अर्धनारीश्वर शिवलिग विराजमान है।

## खबर संक्षेप

### रोहिना संकुल केंद्र में 22 बिंदुओं पर समीक्षा बैठक



**गोपालपुर।** विकासखण्ड बिलाईगढ़ अंतर्गत संकुल केंद्र रोहिना में बैठक सम्पन्न हुआ। समीक्षा बैठक में संकुल केंद्र रोहिना के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पिपरभावना (ते), शास पूर्व माध्यमिक शाला रोहिना, प्राथमिक शाला हरदी, धोबनीडीह, मधुबन खुर्द, पिपरभावना (ते), रोहिना तथा अशासकीय विद्यालय से दिशा पब्लिक स्कूल, विश्वभारती इंपीरियल स्कूल, दया पब्लिक स्कूल के संस्था प्रमुख शामिल हुए। मुख्य रूप से 22 एजेंडो पर चर्चा किया गया जिसमें विएसके ऐप से उपस्थिति, यू डाइज के कार्य, ऑनलाइन मध्यान भोजन एंट्री, एक पेड़ माँ के नाम से वृक्षारोपण, दर्ज संख्या, शिक्षक जानकारी, गणवेश तथा पाठ्य पुस्तक वितरण का ऑनलाइन एंट्री, शाला त्यागी, जाति प्रमाण पत्र, नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा फार्म भरने, इंस्पायर अवार्ड, मरम्मत योग्य भवन की जानकारी आदि विषयों पर समीक्षा किया गया।

### परसाडीह स्कूल में फैंसी ड्रेस स्पर्धा, बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा




**अर्जुनी।** शासकीय प्राथमिक शाला परसाडीह में शाला परिवार की ओर से फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न आकर्षक वेशभूषाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के सभागार में बच्चों ने महात्मा गांधी, छत्तीसगढ़ महतारी, पेड़, सैनिक, शिक्षक, डॉक्टर, नक्सलवादी, कोटवार, बैगा, आदिवासी, जादुई परी, मां दुर्गा, राधा-कृष्ण सहित विभिन्न रूप धारण किए। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, उसकी विविधता और 'अनेकता में एकता' का सुंदर संदेश दिया। प्रतियोगिता में त्रिवेणी (राधा)ने प्रथम, शिवम (किसान) ने द्वितीय तथा मयंक (पेड़) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में शाला के प्रधानपाठक दौलत सिंह ध्रुव, सहायक शिक्षक दयाशंकर सोनी, शिक्षिका तनु ध्रुव, ग्रामीणजन अभिभावक एवं शाला रसोइया उपस्थित रहे।

## आवास निर्माण, जल सुरक्षा एवं ग्रामीण अधोसंरचना गुणवत्ता पर विशेष जोर

# बेमेतरा व सितदेवरी में कार्यों का लिया जायजा पीएम आवास के हितग्राहियों को सौंपी चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



आयुक्त वीबी -जी रामजी एवं संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण तारण प्रकाश सिन्हा शुक्रवार को बलौदाबाजार पहुंचे। इस दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

आयुक्त ने जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत बेमेतरा तथा जनपद पंचायत पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत सितदेवरी में विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण करते हुए हितग्राहियों एवं ग्रामीणों से सीधे संवाद किया।निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत निर्मित आवासों का अवलोकन किया तथा आवास पूर्ण कर चुके हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से खुशियों की चाबी प्रदान की। हितग्राहियों से आवास निर्माण, प्राप्त सहायता, निर्माण की गुणवत्ता एवं योजना से उनके जीवन में आए बदलाव के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र परिवारों को योजना का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें ।

आयुक्त ने वीबी - रामजी अंतर्गत जल सुरक्षा श्रेणी में निर्मित एवं प्रगतिरत कार्यों का भी विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान नवीन तालाब, अमृत सरोवर, सैंड फिल्टर आधारित बोरवेल रिचार्ज संरचना तथा चेक डैम निर्माण कार्यों की स्थल पर तकनीकी एवं उपयोगिता संबंधी समीक्षा की । उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल संरक्षण एवं भू-जल पुनर्भरण से जुड़े कार्य केवल निर्माण तक सीमित न रहें, बल्कि उनका चयन स्थानीय आवश्यकता, कैचमेंट, जलधारण क्षमता एवं दीर्घकालिक उपयोगिता के आधार पर किया जाए।

### जल सुरक्षा व भू-जल संरक्षण कार्यों की तकनीकी समीक्षा

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि फील्ड निरीक्षण को नियमित कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाया जाए तथा प्रत्येक निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता न किया जाए। जल संरक्षण संरचनाओं के माध्यम से अधिकतम वर्षा जल संचयन, भू-जल स्तर में सुधार और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में परिणामोन्मुखी कार्य करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण एवं समीक्षा के दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल एवं संबंधित जनपद पंचायतों के अधिकारी-कर्मचारी, तकनीकी अमला, पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जमीन पर बैठकर ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

उन्होंने कहा कि वीबी -जी रामजी का उद्देश्य रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ ग्राम पंचायतों में टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण, जल सुरक्षा को सुदृढ़ करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा ग्रामीण आजीविका को मजबूत बनाना है। अतः योजना अंतर्गत स्वीकृत प्रत्येक कार्य का प्रत्यक्ष लाभ ग्रामीण समुदाय को दिखाई देना चाहिए।स्थल निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर सहज एवं आत्मीय वातावरण में चर्चा की तथा योजनाओं के क्रियान्वयन, स्थानीय आवश्यकताओं, रोजगार, आवास एवं विकास कार्यों के संबंध में उनके अनुभव और सुझाव सुने। उन्होंने मैदानी अमले को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की वास्तविक आवश्यकताओं को समझते हुए ग्राम सभा से अनुमोदित कार्ययोजना के अनुरूप प्राथमिकता आधारित कार्य संपादित किए जाएं। इसके पश्चात जिला पंचायत सभाक्रक्ष बलौदाबाजार में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक मे व्हीबी- जी रामजी एवं पीएम आवास योजना ग्रामीण सहित ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। आयुक्त ने योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्ध पूर्णता, श्रमिक नियोजन, तकनीकी मापदंडों के पालन तथा पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया।

## शाला विकास समिति की बैठक में 15 अगस्त की तैयारियों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करहीबाजार

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश एवं हिंदी स्कूल, करही बाजार में शाला विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया।

बैठक में विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था एवं अनुशासन को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई पर पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ ध्यान देने की बात कही गई, ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही विद्यालय में शांत, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया गया, जिससे बच्चों का पढ़ाई के प्रति मन लगा रहे। विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समिति और विद्यालय प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी चर्चा हुई। बैठक में शाला विकास समिति के अध्यक्ष बसंत देवांगन, उपाध्यक्ष श्याम कुमार चतुर्वेदी, ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि अरुण निषाद, प्राचार्य ईश्वर देवदास सहित सदस्य अशोक पटेल, कृष्ण दास मानिकपुरी, रेशम यदु, जगमोहन जोशी, सुखित पटेल, राजकुमार निषाद एवं सुरेन्द्र तिवारी उपस्थित रहे।

## केसला के मुक्तिधाम में 300 पौधे रोपे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

समीपस्थ ग्राम पंचायत केसला के मुक्तिधाम परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित ग्राम के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से शनिवार को वृहद वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारंभ किया गया। समाजसेवी अशोक वर्मा एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस अभियान के तहत पहले चरण में करीब 300 पौधे लगाए गए, जबकि विभिन्न प्रजातियों के कुल 500 छायादार एवं फलदार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वृक्षारोपण अभियान के दौरान आम, जामुन, पीपल, गुलमोहर, नीम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण, नियमित देखभाल एवं उनके बेहतर विकास का संकल्प लिया।

अभियान में समाजसेवी अशोक वर्मा, मनोहर लाल देवांगन, रमेश शर्मा, रामचरण देवांगन, बिसेन देवांगन, जगत कुर्रे, रविंद्र देवांगन, चंदू साहू, मोनू साहू, लोकेश नशीने, ओमप्रकाश देवांगन, जयराम यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। समाजसेवी अशोक वर्मा ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ वायु और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। वृक्षारोपण अभियान के दौरान ग्राम के मनोहर देवांगन ने अपने पूर्वजों की स्मृति में मुक्तिधाम परिसर के लिए दानस्वरूप 10 सीमेंट की कुर्सियां प्रदान कीं।



## भाजपा मंडल की बैठक में योजनाओं के प्रचार पर दिया जोर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

भाजपा मण्डल पलारी का संगठनात्मक बैठक मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा के अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ जिसमे जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री अमित साहू जी एवं कसडोल विधानसभा प्रभारी नीलू शर्मा अध्यक्ष पर्यटन मण्डल (केबिनेट मंत्री दर्जा) सर्वप्रथम भारत माता पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल्य चित्र पर पूजा अर्चना कर प्रारंम्भ किया गया स्वागत उधबोधन मे मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा ने पार्टी के विभिन्न कार्यक्रम एवं पार्टी के कार्यों को अतिथियों के बीच रखा ततपश्चात जिला प्रभारी अमित साहू ने संगठन के कार्यों को उल्लेखित कर सभी कार्यकर्ताओ को आगामी चुनाव मे कसडोल विधानसभा मे विजय पताका लहराने के लिए कहा जिसमे बूथ स्तर मे उतरकर कार्य करने को कहा एवं केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं को जनता के बीच जाकर बताने को कहा अभी राष्ट्रीय कार्यक्रम हर घर तिरंगा से सभी के दिलो मे राष्ट्र प्रेम जगाने के लिए कहा उसके बाद अगले उधबोधन मे मुख्य वक्ता विधानसभा प्रभारी नीलू शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओ से परिचय लिए एवं पार्टी 6 मुख्य कार्यक्रम को कार्यकर्ताओ को अवगत कराया एवं सभी कार्यक्रम को हर बूथ मे करने को कहा सरल ऐप और नमो ऐप का उपयोग करने को कहा मन की बात को सभी बूथों मे सुनने को कहा बूथ एवं राज्य सरकार के योजनाओं के बारे मे बताया भाजपा के पंचनिष्ठा से अवगत कराया उक्त बैठक मे जि. स. के. बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, अजा मोर्चा आयोग के सदस्य दुर्गा महेश्वर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा, जिला उपाध्यक्ष नंदकुमार वर्मा, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सेवक वर्मा, आईटी सेल जिला संयोजक नेतरंजन निर्मलकर, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू वर्मा, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी वर्मा, मण्डल महामंत्री केजू साहू, मण्डल उपाध्यक्षगण तुलसी डहरिया लेखराम वर्मा, बृजबाई वर्मा, मंडल मंत्रीगण विश्राम पटेल, शिवराम फेकर, लखेश्वरी साहू, निशा मारकंडे, मंडल कोषाध्यक्ष संकेत वर्मा, मण्डल मीडिया प्रभारी गौतम यादव, मण्डल कार्यालय प्रभारी देवप्रकाश साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद देवांगन उपस्थित रहे।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मकबूल इकबाल ने कार्यकर्ताओं से की चर्चा

बलौदाबाजार। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मकबूल इकबाल का बलौदा बाजार जिले में प्रथम प्रवास हुआ। इस दौरान उन्होंने मोर्चा के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली। प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त किया और जिले में अल्पसंख्यक समुदाय की स्थिति, सुरक्षा, व्यापार एवं सामाजिक परिस्थितियों के संबंध में चर्चा की।बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष इकबाल ने अल्पसंख्यक समाज के लोगों के सुख-दुख और उनकी स्थानीय समस्याओं को जाना। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के बीच लगातार संपर्क बनाए रखने तथा उनकी समस्याओं को संगठन के माध्यम से उचित मंच तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। इस दौरान जिले में अल्पसंख्यक मोर्चा के संगठनात्मक विस्तार, सदस्यता बढ़ाने तथा आगामी गतिविधियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए जिले में मोर्चा की गतिविधियों और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने तथा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सजन जोसेफ, बलौदाबाजार मंडल अध्यक्ष परवेज खान, निर्मल सिंह सलूजा टोनू, दलजीत सिंह चावला, रोमी चावला, हरजीत सिंह सलूजा राजू, सलीम खान, जावेद खान, रज्जाक खान, अफसर खान, कन्हैया सेन सहित बड़ी संख्या में मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## - विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# भाला फेंक के विजेताओं को दी गई ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| कसडोल




राष्ट्रीय जेवलिन डे के अवसर पर छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के निर्देशानुसार जिला एथलेटिक्स संघ बलौदाबाजार-भाटापारा के तत्वावधान में शासकीय पीएम श्री स्कूल मैदान कसडोल में भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।


प्रतिवर्ष 7 अगस्त को राष्ट्रीय जेवलिन डे के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी एवं ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा की ऐतिहासिक उपलब्धि की स्मृति में आयोजित किया जाता है। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में भाला फेंक खेल के प्रति रुचि बढ़ाने तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करना रहा।

प्रतियोगिता में 14 वर्ष, 16 वर्ष, 18 वर्ष, 20 वर्ष, 23 वर्ष एवं सीनियर आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष आलोक गुप्ता, सचिव आलोक मिश्रा, संतोष साहू, कमलेश कश्यप, रमेश ध्रुव, लाला पवार, गुड्डा जायसवाल एवं प्रवीण साहू सहित संघ के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में एथलेटिक्स संघ से जुड़े सदस्यों एवं खिलाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## ज्ञानोदय स्कूल हिरमी में विद्यार्थियों को दिलाई गई नशा न करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान ने राष्ट्रीय पहचान बनाई है। यह अभियान युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यालयो मे छात्रों को जागरूक कर रहे है ।नशा व्यक्तित्व निर्माण में बाधक है यह व्यक्ति को आर्थिक शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर बनाता है यह उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की हिरमी शाखा के तत्वावधान में चलाया जा रहा मेरा गांव नशा मुक्त गांव अभियान/" के अंतर्गत आज ज्ञानोदय माध्यमिक विद्यालय हिरमी मैं सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी नमीता बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज अच्छे चरित्र का गठन करने वाले युवा भी मादक द्रव्यों व नशीले पदार्थ के चक्कर में फंस जाते हैं नशीले पदार्थों की लत एक गंभीर समस्या है। ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि वर्तमान में 15 से 25 वर्ष की आयु के ज्यादातर युवा नशीले पदार्थों के आदी हैं यह नशा युवा अवस्था की शक्तियों को कमजोर कर रहा है जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा की माता-पिता को अपने बच्चों की तरफ ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। ब्रह्माकुमारी प्रिती बहन ने मेडिटेशन करवाते हुए कहा कि मेडिटेशन राजयोग एक ऐसी पद्धति है जिससे हम अपने मन को शांत आनंदमय बनाकर बीड़ी सिगरेट शराब तथा अन्य नशीले द्रव्यों से नगर छुटकारा पा सकते हैं। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने की शपथ भी दिलाई।

## खबर संक्षेप

### मनोज साहू बने टेहका स्कूल के अध्यक्ष

**भाटापारा।** स्थानीय ग्राम पंचायत टेहका में शाला विकास समिति की बैठक रखी गई जिसमें ग्राम पंचायत के सदस्य व शाला विकास समिति के सदस्यों की उपस्थिति में



सर्वसम्मति से मनोज साहू जो कि पूर्व सरपंच रोहित साहू के छोटे भाई है को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला टेहका के शाला विकास समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस पर ग्राम पंचायत टेहका के सरपंच प्रतिनिधि नारायण जोगी, उपसरपंच उदय साहू, पूर्व स्टेशन मास्टर मन्नू लाल यादव, पंच हेमंत ध्रुव, जगदीश ध्रुव, मनोज यादव, शोभा राम साहू, अर्जुन साहू, हरि पटेल, लखन ध्रुव प्राचार्य नन्द कुमार वर्मा, शिक्षक यशवंत साहू, आलोक त्रिवेदी, आजू राम वर्मा व स्कूल प्रांगण में पहुंचे सभी शिक्षक गण व ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी।

### चाकू से हमला, तीन के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम सोनापुटी में तीन लोगों के साथ मारपीट और चाकू से हमला करने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि गांव के संजय किराना दुकान के पास दुबी चौक में पान-गुटखा खाने की बात पर टिकेश्वर निर्मलकर और सागर निर्मलकर पर कुछ लोगों ने मारपीट कर चाकू से वार कर दिया था, इसकी सूचना मिलने पर प्रार्थी तिलक दीवान अपने साथी भूपेंद्र निर्मलकर के साथ वहां पहुंचा और बीच बचाव करने लगा, इस दौरान आरोपी शाहिल सतनामी, ईशु डहरे एवं गौरव डहरे ने उसे (प्रार्थी), टिकेश्वर निर्मलकर व सागर निर्मलकर को जान से मारने की नीयत से हाथ मुक्का एवं चाकू से मारकर चोट पहुंचाया। जिसके चलते टिकेश्वर के पेट, छाती एवं चेहरे में, सागर के पीठ, बायें कंधे के ऊपर एवं सिर में गंभीर चोट और प्रार्थी के छाती में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## निधन

### गोपी डहरिया

**बगबुड़ा।** ग्राम बगबुड़ा निवासी



गोपी डहरिया (60 वर्ष) का निधन दिन 8 अगस्त को हो गया। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं परिचितजन उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। वे राजा डहरिया, जानकी, आरती व पुजा के पिता थे।

# स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाने की मांग को लेकर कांग्रेस की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं बूथ कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के तत्वावधान में स्मार्ट मीटर को बदलकर पुराने विद्युत मीटर लगाए जाने तथा कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिल को लेकर आम उपभोक्ताओं में अनेक प्रकार की चिंताएं सामने आ रही हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव एवं घर-घर पहुंचकर लोगों की समस्याओं को समझेंगे और स्मार्ट मीटर के स्थान पर पुराने विद्युत मीटर लगाए जाने की मांग को मजबूती से उठाएंगे।

बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने तथा जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व पाठ्यपुस्तक निगम मंडल अध्यक्ष, सुरेंद्र शर्मा, पूर्व कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष, दिनेश यदुश प्रदेश संयुक्त महामंत्री एवं ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण प्रभारी, बाबू लाल साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन, विक्रम गिरी, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, कालंद्री वर्मा, सुश्री पद्मेश्वरी साहू, शैलेंद्र बंजारे, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष दीनदयाल साहू, नीलकंठ साहू एवं संतोष साहू, राजेश साहू, अरुण कनोजे, दिगंबर साहू, थानेश्वर कनोजे, चेतन वर्मा, छगन बंजारे, ओम प्रकाश जायसवाल, रामू नेताम, राजेश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 400 यूनिट तक की छूट बंद करने से उपभोक्ताओं पर बढ़ा आर्थिक बोझ



**बलौदाबाजार।** जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने, बिजली बिल हाफ योजना में 400 यूनिट तक मिलने वाली छूट बंद करने तथा बिजली दरों में वृद्धि से आम उपभोक्ता परेशान हैं। उन्होंने लो वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती की समस्या का भी समाधान करने की मांग की। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई बिजली बिल हाफ योजना से 400 यूनिट तक की खपत पर उपभोक्ताओं को राहत मिलती थी। इससे प्रदेश के 44 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा था।

### शीतला मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद गौरा-गौरी की हुई स्थापना

# विश्व आदिवासी दिवस पर निकली मंगल कलश यात्रा, कर्मा नृत्य ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर तिल्दा में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज, झिरिया परिक्षेत्र के तत्वावधान में रविवार को विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि चन्द्रकला रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मनीराम ध्रुव, अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज झिरिया परिक्षेत्र ने की। सुबह समाजजनों ने भगवान बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद ग्राम सासाहोली स्थित गौरा-गौरी चौक से भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए शीतला मंदिर पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मंगल कलश यात्रा रेस्ट हाउस होते हुए गांधी चौक पहुंची और यहां से पुनः गौरा-गौरी चौक पहुंचकर गौरा-गौरी की स्थापना की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि चन्द्रकला ने विश्व आदिवासी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और प्रकृति से जुड़ाव हमारी अमूल्य धरोहर है। उन्होंने समाज के युवाओं से अपनी संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने तथा समाज की एकता को मजबूत करने का आह्वान किया।

विशेष अतिथि रानी सौरभ जैन, पार्षद नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा ने कहा कि आदिवासी समाज का इतिहास गौरवशाली और सदियों पुराना है। जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के साथ-साथ आदिवासी समाज ने अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को पीढ़ी-दर-पीढ़ी जीवंत रखा है। उन्होंने कहा कि समाज की संस्कृति और लोक परंपराओं को संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में ईश्वर यदु, सभापति नगर पालिका, विनोद नेताम, सभापति नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा, केशव ध्रुव, उपाध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज झिरिया परिक्षेत्र तथा कृष्णा कुंजाम, प्रदेश सह-सचिव सहित समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंगल कलश यात्रा और पूजा-अर्चना के बाद गांधी चौक में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 'मोर मयारू माटी' कर्मा नर्तक दल, नवागांव मुसवाडीह द्वारा कर्मा गीत एवं नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत दोपहर 2 बजे से किया गया। इस अवसर पर समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में आदिवासी संस्कृति और परंपराओं की भव्य झलक देखने को मिली।

## आईटीबीपी जवानों ने बच्चों के साथ गाया वंदे मातरम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत होली हार्ट स्कूल में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) द्वारा एक विशेष देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आईटीबीपी के जवान विद्यालय पहुंचे और विद्यार्थियों के साथ मिलकर राष्ट्रगीत ''वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम से पूरे विद्यालय परिसर में देशभक्ति और उत्साह का वातावरण बन गया। कार्यक्रम में एसआई रमेश सिंह एवं एएसआई सुरिंदर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए 'वंदे मातरम्' के इतिहास, उसके राष्ट्रीय महत्व तथा देशप्रेम, एकता और राष्ट्र सेवा की भावना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जवानों ने बच्चों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और देश के प्रति समर्पण का संदेश भी दिया। विद्यालय के डायरेक्टर हरजोत सिंह एवं सिमरत कौर ने आईटीबीपी जवानों का स्वागत किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार पांडा ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को देश की सुरक्षा में लगे जवानों से सीधे जुड़ने का अवसर मिलना प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं आईटीबीपी के जवान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

# संत रविदास जयंती पर अवकाश की घोषणा का स्वागत, सीएम साय का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा की गई ऐतिहासिक घोषणाओं का सर्वत्र स्वागत किया जा रहा है। भाटापारा की रविदास समाज की गौरवशाली नारी शक्ति एवं सुप्रसिद्ध भजन गायिका मातेश्री सुमित्रा देवी भांडेकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के सम्मान में लिए गए निर्णय समाज के आत्मसम्मान, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज केवल किसी एक समाज के संत नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के पथप्रदर्शक हैं। मातेश्री सुमित्रा देवी भांडेकर ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना, उनके नाम से राज्य अलंकरण पुरस्कार प्रारंभ करने की घोषणा, नवा रायपुर के प्रमुख चौक का नामकरण तथा सामाजिक समरसता को समर्पित कलश वंदन अभियान जैसे निर्णय संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के प्रति सरकार की श्रद्धा और सम्मान को दर्शाते हैं। उनका प्रसिद्ध संदेश /"मन चंगा तो कठौती में गंगा केवल आध्यात्मिक शिक्षा नहीं, बल्कि जीवन को सत्य, सरलता और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर मातेश्री सुमित्रा देवी भांडेकर के पति संतोष भांडेकर, जो संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के परम भक्त हैं, ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा की गई ऐतिहासिक घोषणाओं का स्वागत करते हुए कहा कि यह संपूर्ण रविदास समाज के लिए अत्यंत गर्व, सम्मान और गौरव का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज ने अपने जीवन के माध्यम से समरसता, समानता, श्रम, भक्ति और मानवता का जो संदेश दिया, वही आज भी पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का कार्य कर रहा है। मातेश्री सुमित्रा देवी भांडेकर एवं संतोष भांडेकर ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हथबंद स्कूल में 113 स्वयंसेवकों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना में सत्र 2026-27 के लिए 113 छात्र छात्राओं का चयन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन में बैठक आयोजित कर सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना को व्यक्तित्व विकास बताया उन्होंने ने सभी स्वयंसेवकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात बैठक आयोजित कर वर्ष भर किए जाने वाले गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रभार सौंपा गया। दल नायक वेदांत निषाद, दल नायिका ओमिन बंजारे, सोशल मीडिया संयोजक नूतन साहू, माई भारत संयोजक रेणुका गैंडरे, स्वास्थ योग संयोजक सरस्वती निर्मलकर, पर्यावरण संयोजक लक्ष्मी चेलक, सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक टीनू साहू, व्यायाम एवं विशेष संयोजक प्रताप साहू, स्वच्छता संयोजक मानव निषाद, रैली प्रभारी डिंपल, बंजारे को प्रभार सौंपा गया। श्री त्रिवेदी द्वारा उक्त पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु संकल्प दिलाया गया।

## पेज 9 के शेष

### मूसलाधार बारिश से...

अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, न.पा. नेता प्रतिपक्ष अजय ठाकुर, मुंशी इस्माईल वार्ड के पार्षद चन्द्रशेखर चक्रधारी,नवीन बक्स,मनमोहन कुर्रे आदि मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिखा जल भराव की जानकारी मिलने पर एसडीएम श्यामा पटेल,तहसीलदार यशवंत राज मौके पर पहुंच कर पानी निकासी की व्यवस्था के निर्देश दिये।

### वाहन चोर गिरोह ...

द्वारा मुख्य रूप से बलौदाबाजार-भाटापारा, रायपुर, बिलासपुर एवं जांजगीर-चांपा के भीड़भाड़ वाले बाजार इलाकों को निशाना बनाया जाता था। आरोपियों के विरुद्ध बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 06 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। वहीं पड़ोसी जिलों में भी मोटरसाइकिल चोरी के कई मामले पंजीकृत हैं। मामले की जांच में आरोपियों के विरुद्ध धारा 303 (2), 317 (2), 340,95,112 बीएनएस किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 83 (2), एम.वी. एक्ट की धारा 39,142(ख) (4) पंजीबद्ध किया गया है तथा सभी आरोपियों को आज शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न स्थानों से दबिश देकर 11 दोपहिया वाहन जिसमें स्कूटी, मोटरसाइकिल एवं टीव्ही एस एक्सेल, 2 मालवाहक वाहन जिसमें 01 ई-रिक्शा एवं 01 मालवाहक गाड़ी,अन्य सामग्रीः 01 नग एक्स्ट्रा बैटरी बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपीयों में भागीरथी बंजारे पिता दयाराम बंजारे, उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम घिरघोल, थाना पलारी, लव कुमार मरकाम पिता मिठाई लाल मरकाम, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम अर्जुनी, थाना भाटापारा ग्रामीण, तरुण कुमार साहू पिता तोरण साहू, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम अर्जुनी, थाना भाटापारा ग्रामीण, मामले में विधि विरोधी किशोर के विरुद्ध भी नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### पुल के ऊपर...

बजरी आदि डालकर बराबर करने की हिम्मत किसी ने नहीं की। इस पुल के ऊपर से कई अप्रिय घटनाएं घट चुकी है बावजूद इसके दोबारा दुर्घटना के इंतजार कर रहे हैं । सड़क परिवहन विभाग तत्काल इस पुल के ऊपर भारी वाहनों पर रोक लगाते हुए कार्यवाही करने की मांग स्थानीय ग्रामीणों ने की है।

### नशामुक्ति के साथ...

कहा कि मोबाइल का अनियंत्रित उपयोग विद्यार्थियों की एकाग्रता, समय प्रबंधन और दिनचर्या को प्रभावित कर सकता है। आत्म-नियंत्रण, अनुशासन, सकारात्मक सोच और नियमित दिनचर्या अपनाकर विद्यार्थी अपने जीवन को सही दिशा दे सकते हैं। ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने विद्यार्थियों को जीवन में अच्छे संस्कार एवं सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनके उद्बोधन के बाद सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नशामुक्त एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बीके मनराखन, बीके भुवनेश्वर एवं बीके मिथिलेश सहित विद्यालय के उपप्राचार्य पद्माकर मिश्रा, समन्वयकगण एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे वर्तमान समय में विद्यार्थियों के लिए उपयोगी एवं आवश्यक पहल बताया।

### सीमेंट प्लांट रवान ...

मैजिक वाहन को जब्त कर उसके पंजीयन नंबर के आधार पर मालिक से पूछताछ की, जिसने बताया कि 7 अगस्त को वाहन होमेश रजक लेकर गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेही होमेश रजक को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, जिसके बाद उसने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1,00,000 रुपये मूल्य का लोहे का सामान तथा चोरी में प्रयुक्त मैजिक वाहन जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपी होमेश रजक कांशीराम रजक, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम मुढ़ीपार, थाना सिटी कोतवाली। आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे 8 अगस्त 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रकरण में शामिल फरार सह-आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

### फर्जी एनओसी मामले...

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत की चारागाह भूमि पर प्रस्तावित पावर प्लांट का गांव में विरोध होने के बावजूद सरपंच और सचिव द्वारा कथित तौर पर फर्जी तरीके से एनओसी जारी की गई। इस मामले को लेकर पहले भी ग्रामीणों ने जनसुनवाई में विरोध दर्ज कराया था। बाद में ग्रामीणों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ तिल्दा-नेवरा थाने का घेराव भी किया था। ग्रामीणों के अनुसार, भूपेश बघेल ने देवरी और अल्दा में प्रस्तावित संयंत्रों के लिए जारी कथित फर्जी एनओसी के मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद अल्दा ग्राम पंचायत के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, जबकि देवरी मामले में भी जल्द दो दिन में एफआईआर का आश्वासन दिया गया था। ग्रामीणों का दावा है कि करीब एक माह बीत जाने के बावजूद देवरी मामले में अभी तक सरपंच और सचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव पर पंचायत के विकास कार्यों में भी गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। उनका दावा है कि करीब 20 लाख रुपये की लागत से बनी पुलिया महज दो महीने में क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं स्ट्रीट लाइट की कथित अवैध खरीदी कर पंचायत की राशि निकालने के भी आरोप लगाए गए हैं।



## खबर संक्षेप



### मुंडा में सड़क किनारे निकले नाग देवता

मुंडा। सावन माह के रविवार को सड़क किनारे पुराना नाग देवता निकला हुआ था सावन माह में नाग देवता का दर्शन करना शुभ माना जाता है कह कर आने-जाने वाले लोग रुक-रुक कर दर्शन कर रहे।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर दिया प्रशिक्षण



**भटगांव।** स्थानीय श्री प्रेम भुवन प्रताप सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस भटगांव के सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि जायसवाल ने 10 अगस्त को प्रस्तावित राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के बारे में उपस्थित संकुल समन्वयकों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कृमि मुक्त दिवस पर सभी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में एक से 19 वर्ष के बच्चों को एलबेंडाजोल की दवाई खिलाई जाएगि बताया कि जो बच्चे उस दिन दवा का सेवन करने से छूट जाएंगे, उन्हें 17अगस्त 2026को दवा खिलाई जाएगी। इस दवाई को खिलाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों के पेट में कीड़ों को मारना है। बताया कि एक से छह वर्ष के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रो और छह से 19 वर्ष के बच्चों को विद्यालयों में दवा खिलाई जाएगी। इस मौके पर डॉ.शशि जायसवाल, बीईओ सत्यनारायण साहू, शिक्षक संजीव राजेत्री, प्राचार्य प्रियतम भारद्वाज, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लोकेश अजय, बीपीएम लखेश्वर बघेल आदि उपस्थित रहे।

### नरेश आर्य चौथी बार निर्विरोध दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

**भाटापारा।** नरेश आर्य चौथी बार दाल मिल एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। बताया गया है कि कुछ लोगों ने नामांकन भरा था किंतु फिर आपसी सहमति और सर्वसम्मति है नरेश आर्य को



पुनः दाल मील संगठन का 2 वर्ष के लिए अध्यक्ष चुन लिया गया है। गत 6 वर्षोसे लगातार नरेश आर्य दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष है चौथी बार अध्यक्ष निर्वाचित होने पर अनिल रोचलानी, कैलाश बालानी, अशोक किंगरानी, प्रेम थरानी, कमल किंगरानी, अमित अग्रवाल, आदि लोगों ने शुभकामनाएं दी है।

### नकटी के बाद अब चंदेरी की चरागाह जमीन उद्योगपति को सौंपने की तैयारी

**भाटापारा।** पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सिमगा तहसील के ग्राम चंदेरी में चरागाह की जमीन उद्योग के लिए दिए जाने के मामले में राज्य सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि नकटी कांड के बाद अब चंदेरी की चरागाह भूमि को उद्योगपतियों को सौंपने की तैयारी की जा रही है, जबकि इस मामले में



मुख्यमंत्री जी के आश्वासन और सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी पालन नहीं हो रहा है। अकबर ने कहा कि 23 फरवरी 2024 को दामाखेड़ा में कबीरपंथ के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी ने दामाखेड़ा के 10 किलोमीटर के दायरे में उद्योग नहीं लगाने को लेकर आश्वासन दिया था। इसके बावजूद चंदेरी में लगभग 23.93 हेक्टेयर यानी करीब 59 एकड़ चरागाह की जमीन को नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए उद्योग विभाग को आधिपत्य सौंप दिया गया है।उन्होंने कहा कि यह मामला राजस्व मंत्री जी के गृह जिले से जुड़ा है, लेकिन सरकार गांव के आम निस्तार की भूमि और चरागाह को बचाने में असहाय नजर आ रही है।

---

**आयोजन : विश्व आदिवासी दिवस पर भव्य समारोह, भवन का हुआ लोकार्पण**

# संघर्ष, साहस और स्वाभिमान आदिवासी समाज की पहचान : शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा



विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विधानसभा खैरा चक ग्राम केशला में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम व भवन लोकार्पण का भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर समाज के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस महत्वपूर्ण दिन पर आदिवासी समाज के समृद्ध इतिहास और योगदान को सराहा। शिवरतन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि संघर्ष, साहस और स्वाभिमान आदिवासी समाज की सच्ची पहचान हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा आदिवासी हितों के लिए संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं और किए गए सार्थक प्रयासों की सराहना की। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि आदिवासी समुदाय की जीवनशैली, कला, भाषा, देव-पूजा, उत्सव, परंपराएं, नृत्य और उनके महानायक, ये सभी हमारे देश और प्रदेश की अनमोल धरोहर हैं। उन्होंने बताया कि इन समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने व संरक्षित करने के लिए डबल इंजन भाजपा सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इस अवसर पर सामाजिक अध्यक्ष राम सिंह ध्रुव, राजा जायसवाल, मथुरा यदु, राजेश पटेल, देवक साहू, रामचंद ध्रुव, बंशीलाल नेताम, कृपाराम ध्रुव, नरेश मारावी,बैरागी मरकाम, गौकरण छेदैईहा, बालाराम मरकाम, रामकिशन मरावी, अघनु छेदैईहा, विष्णु मारावी सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे।

## भरुवाडीह कला में निकली कलश यात्रा, सुआ नृत्य ने बांधा समां



**खरोरा।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी युवा परिषद ग्राम भरुवाडीह कला के तत्वावधान में भव्य कलश यात्रा एवं सुआ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तथा मोर मयारू सुआ परिवार, भरुवाडीह कला द्वारा मनमोहक सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान टोना टार चक के सचिव पंचू ध्रुव ने सभा को विशेष रूप से संबोधित करते हुए आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं एवं लोककलाओं के संरक्षण और उन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेखू राम सेन, जनपद सभापति तिल्दा तथा विशिष्ट अतिथि चित्ररेखा सेत कुमार बंजारे, सरपंच ग्राम पंचायत भरुवाडीह कला एवं संतराम कुर्रे, कोटवार रहे। कार्यक्रम में गांव के नागरिकगण नारायण प्रसाद साहू, भगत राम निषाद, शिक्षक दिनेश कुमार वर्मा, नेमसिंह धीवर एवं



भोलाराम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजक समिति के सदस्य योगेश्वर ध्रुव, बलदेव ध्रुव एवं नारायण ध्रुव सहित चैन सिंह ध्रुव, भानु ध्रुव, हुलास सिंह ध्रुव तथा शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।
आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही और आदिवासी संस्कृति, लोकपरंपरा एवं सामाजिक एकजुटता का सुंदर संदेश देखने को मिला।

## पीएम श्री भरत देवांगन विद्यालय में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**खरोरा।** पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, खरोरा में विश्व आदिवासी दिवस उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न आदिवासी समुदायों की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर आदिवासी संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली की आकर्षक झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में व्याख्याता शाहिना परवीन ने अपने उद्बोधन में कहा कि आदिवासी समाज देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है। उनकी परंपराएं, लोककला और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवनशैली हम सभी के लिए प्रेरणादायी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का आह्वान किया। सेवानिवृत्त व्याख्याता डोमार सिंह यादव ने कहा कि आदिवासी समाज की जीवनशैली प्रकृति संरक्षण और सामुदायिक एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है। जल, जंगल और जमीन के संरक्षण की उनकी परंपराओं से समाज को सीख लेने की आवश्यकता है। वहीं योग प्रशिक्षक योगेंद्र त्रिपाठी ने स्वस्थ जीवनशैली और प्रकृति के साथ



संतुलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पारंपरिक वेशभूषा में विद्यार्थियों की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को भारत की सांस्कृतिक विविधता, आदिवासी समाज की समृद्ध विरासत, प्रकृति संरक्षण तथा सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। इस अवसर पर स्काउड, गाइड, रोवर रेंजर, एनएसएस के समस्त छात्र-छात्राएँ उपस्थिति रहे।



---

# पं. युवराज पांडे ने लक्ष्मणेश्वर महादेव के किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

छत्तीसगढ़ की धार्मिक एवं आध्यात्मिक धरोहरों में विशेष स्थान रखने वाले गुप्त तीर्थ काशी के नाम से प्रसिद्ध खरौद धाम में रविवार को गरियाबंद जिले के देवभोग-अमलीपदर क्षेत्र के सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कथा व्यास पंडित युवराज पांडे पहुंचे। शिव महापुराण कथा के छठवें दिन की कथा से पूर्व उन्होंने ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व से परिपूर्ण लक्ष्मणेश्वर धाम पहुंचकर स्वयंभू लक्ष्मणेश्वर महादेव के दर्शन किए तथा क्षेत्रवासियों सहित समस्त देशवासियों की सुख-शांति, समृद्धि और मंगल की कामना की। पंडित युवराज पांडे ने लक्ष्मणेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना के पश्चात कहा कि



खरौद केवल एक नगर नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की प्राचीन धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां की धार्मिक मान्यताएं, प्राचीन मंदिर, पौराणिक कथाएं और आस्था से जुड़े स्थल देशभर के श्रद्धालुओं को आकर्षित करने की क्षमता रखते हैं। खरौद को गुप्त तीर्थ काशी के नाम से जाना जाना इसकी आध्यात्मिक महत्ता को स्वयं प्रमाणित करता है। मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि खरौद की महिमा और इसके प्राचीन धार्मिक महत्व का जितना व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए था, उतना अब तक नहीं हो पाया है। इसके कारण खरौद नगर को धार्मिक पर्यटन एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में वह पहचान नहीं मिल पाई, जिसका यह वास्तव में हकदार है। उन्होंने कहा कि खरौद की ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत को देश-दुनिया के सामने मजबूती से रखने की आवश्यकता है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु यहां पहुंचकर इस पावन धरा के दर्शन एवं धार्मिक स्थलों का लाभ ले सकें।

इस अवसर पर संगीत की टिम के साथ महादेव के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पुजारी सुधीर मिश्रा, नगर पंचायत खरौद अध्यक्ष गोविंद यादव, उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, सुबोध शुक्ला, शरद शर्मा, नितेश के .वा. उग्रेश्वर गोपाल केवट, अजय केवट, मेला राम कश्यप, अटल कश्यप, गौरव राय सागर उपस्थित थे।

# मोपर स्कूल के बच्चों ने निकाली कांवड़ यात्रा, शिवालयों में किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी



शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोपर में कक्षा 6वीं, 7वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों द्वारा कांवड़ यात्रा का आयोजन हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने गांव का भ्रमण करते हुए श्रद्धा के साथ कांवड़ यात्रा निकाली और विभिन्न शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कांवड़ यात्रा के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावनाओं से ओतप्रोत इस आयोजन में बच्चों ने अनुशासन के साथ सहभागिता निभाई। गांव में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रधान पाठक ललित कुमार सोनी, संकुल समन्वयक मनीष कुमार साहू, शिक्षक माखन लाल वर्मा, राकेश कुमार वर्मा एवं शिक्षिका रश्मि देवी वर्मा का विशेष सहयोग रहा। शिक्षक राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक एकता के प्रति जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**पुरी में करेंगी भगवान जगन्नाथ के दर्शन**

# महिला स्व-सहायता समूहों की 48 महिलाएं अध्ययन भ्रमण पर

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ तिल्दा-नेवरा

हिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित 'दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम' के तहत तिल्दा-नेवरा क्षेत्र सेरायपुर जिला पंचायत के दो क्षेत्रों की महिला स्व-सहायता समूहों की 48 महिलाओं को कौशल विकास एवं आजीविका गतिविधियों के प्रत्यक्ष अनुभव के लिए अध्ययन भ्रमण पर रवाना किया गया। महिलाओं के लिए दो बसों की व्यवस्था की गई है। चार दिवसीय इस अध्ययन भ्रमण के दौरान महिलाएं विभिन्न आजीविका गतिविधियों एवं स्व-सहायता समूहों से जुड़ी कार्यप्रणालियों का



प्रत्यक्ष अवलोकन करेंगी। यात्रा के दौरान जगन्नाथ पुरी पहुंचकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन भी किए जाएंगे। भ्रमण दल का नेतृत्व तिल्दा-नेवरा महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कर रही हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत महिला एवं बाल विकास सभापति शैल महेंद्र साहू तथा जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा भी भ्रमण दल के साथ मौजूद हैं। बसों रवानगी के पहले जिला पंचायत सभापति शैल महेंद्र साहू विधिवत पूजा अर्चना की और नारियल फोड़कर एक बस को स्वयं हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उपस्थित जिला पंचायत सभापति के प्रतिनिधि महेंद्र साहू एव ग्रामीणों ने महिलाओं को यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के अध्ययन भ्रमण से महिलाओं को नई गतिविधियों और स्वरोजगार के अवसरों को समझने में मदद मिलेगी।महिलाओं में यात्रा को लेकर खासा उत्साह नजर आया। जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों ने सभी महिलाओं की सुखद, सुरक्षित और मंगलमय यात्रा की कामना की।

